आपदा

बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की मेहनत पर फिरा पानी, गेहूं, चना, मसूर और सरसों की फसल बर्बाद

आसमान से बरसी आफत, अन्नदाता तबाह

नवभारत, बाकल। बेमौसम हुई तेज तूफानी बारिश और भारी ओलावृष्टि ने बाकल पठार क्षेत्र के किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। कटाई के ठीक पहले आई आसमान से बरसी आफत की बारिश ने अन्नदाता का तबाह कर दिया है। इस प्राकृतिक आपदा ने खेतों में खड़ी फसलों को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया है, जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गेहूं, चना, मसूर और सरसों की फसलें पककर तैयार थीं और किसान कटाई की तैयारी में जुटे थे। इसी बीच अचानक मौसम ने करवट ली और तेज बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि ने फसलों को जमीन पर गिरा दिया। कई जगह फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है, वहीं बची हुई फसल की गुणवत्ता भी प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। सबसे ज्यादा नुकसान बाकल राजस्व मंडल के ग्राम पटीराजा, छपरी ,बासन, छुरिया सहित आसपास के गांवों में हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार ओलावृष्टि इतनी तीव्र थी कि खेतों और घरों के आंगन में बर्फ जैसी सफेद चादर बिछ गई थी। किसानों का कहना है कि यह समय उनकी मेहनत के फल मिलने का था, लेकिन अचानक आई इस आपदा ने सालभर की मेहनत को बर्बाद कर दिया। पटीराजा निवासी किसान महेंद्र कुमार लोधी का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें उन्होंने बताया कि करीब 15 एकड़ में खड़ी उनकी गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। वीडियो में किसान की हताशा साफ झलक रही है, और उन्होंने जल्द मुआवजा दिलाने की मांग की है। इसके अलावा पटीराजा के किसान जगेश्वर पटेल, रामेश्वर पटेल, रामकेश, सुरेश बर्मन, बद्री रजक, रघुनाथ महतो सहित कई किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। वहीं छपरी गांव के किसान नरेश पटेल, धन्नू ठाकुर, त्रिलोक ठाकुर, बद्री लोधी और गोविंदी बर्मन की फसलें भी पूरी तरह तबाह हो चुकी हैं। किसानों ने प्रशासन पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अब तक कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है और उनकी स्थिति का जायजा नहीं लिया गया है। उन्होंने जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। प्रशासन ने नुकसान का जायजा लेना शुरू कर दिया है। नायब तहसीलदार राजकुमार नामदेव ने बताया कि खेतों में जाकर प्रारंभिक निरीक्षण किया गया है और जल्द ही सर्वे टीम गठित कर आकलन कराया जाएगा।

लापता युवती का शव कुएं में मिलने से सनसनी

कैमोर थाना क्षेत्र में हुई घटना, दो दिन से लापता थी युवती

नवभारत, कटनी। कैमोर थाना अंतर्गत खलवारा बाजार क्षेत्र से पिछले तीन दिनों से लापता एक युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतिका की पहचान खलवारा बाजार निवासी चाहत पिता जमील खान के रूप में हुई है। वह अपने नाना-नानी के साथ रहती थी। मृतिका पिछले तीन दिनों से अपने घर से लापता थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मूल रूप से मैहर जिले की निवासी युवती चाहत खान वर्तमान में कैमोर के खलावारा बाजार स्थित अपने नाना-नानी के घर पर रहती थी। परिजनों के अनुसार 19 मार्च को रमजान के दौरान जब परिवार के लोग तड़के सेहरी की तैयारी के लिए उठे, तो चाहत अपने बिस्तर पर नहीं मिली। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला, तो पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शनिवार दोपहर को शुक्ला मोहल्ला स्थित पुराने भुवनेश्वरी स्कूल के पास एक कुएं में स्थानीय लोगों ने शव देखा। सूचना पर पुलिस टीम मौके मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतिका की पहचान गुमशुदा चाहत खान के रूप में हुई है। कैमोर थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

एक नजर में

हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन आज

नवभारत, कटनी। शहर के नई बस्ती क्षेत्र स्थित आई फिट स्पोर्टस टर्फ के बाजू से हनुमान चालीसा अनुष्ठान का आयोजन 22 मार्च रविवार को किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में एकता, सेवा और जागरूकता का संदेश देने का एक सशक्त माध्यम भी है। कार्यक्रम के माध्यम से आपसी भाईचारा बढ़ाने, रक्तदान जैसे महादान के प्रति लोगों को प्रेरित करने और जरूरतमंदों की निस्वार्थ सेवा का संकल्प लिया जाएगा। इस अवसर पर श्री बजरंग बाल रामायण समाज द्वारा वाणी सेवा दी जाएगी। आयोजन कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसाइटी, कटनी के तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजकों की ओर से टीनू सचदेवा, रौनक खंडेलवाल, दयाल पोपटानी, अखिलेश पुरवार, शंकर साधवानी, गौरव नागवानी, मंजूबाला शर्मा, राज सोनी, अंकित बिलैया, दीपक सोनी, संतोष पांडेय और प्रदीप द्विवेदी सहित संस्था के सभी सदस्यों ने अधिक से अधिक संख्या में नागरिकों से इस पावन आयोजन में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने और धर्म लाभ लेने के लिए कहा है। आयोजन की तैयारियों की जा रही है। तैयारियां लगभग अंतिम चरण में है। धर्म प्रिय जनता से कार्यक्रम में पहुंचने के लिए कहा है।

यात्री बैग चोरी करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

आरोपियों का ऑटो जब्त, चोरी किए गए रूपए बरामद

नवभारत, कटनी। कोतवाली थाने की बस स्टैंड पुलिस चौकी क्षेत्र के बस स्टैंड में एक ऑटो रिक्शा से बैग चोरी होने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 9 मार्च 2026 को दोपहर करीब तीन बजे चांडक चौक से उमेश नामदेव एक पीले-हरे रंग की ऑटो में बैठा था। ऑटो में पहले तीन युवक बैठे हुए थे। ऑटो से बस स्टैंड तक जाने के दौरान उसके पास रखे बैग के अंदर से एक छोटे बैग अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। बैग में पास बुक, एटीएम कार्ड, चैक बुक, आधार कार्ड, पेन कार्ड, आयुष्मान कार्ड और पोस्ट आफिस की पांच पास बुक, और नगद 15 हजार रखा हुआ था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान तीन युवकों को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया गया। रीवा जिले के अमाहिया थाना क्षेत्र निवासी बृजेश पिता बालमीक मिश्रा, राजकुमार पिता हीरालाल यादव, अजीजूउदीन पिता अब्दुल रऊफ अंसारी ने पूछताछ के दौरान तीनों ने चोरी की वारदात करना स्वीकार किया है। आरोपियों से ऑटो, चोरी किए गए दस्तावेज, नकद रूपए बरामद किए गए हैं। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडेय, एसआई सिद्धार्थ राय, एएसआई बाल गोविन्द प्रजापति, दीपेन्द्र शर्मा, प्रधान आरक्षक सुशील पांडे, मनोज पटेल, अनमोल सिंह, आरक्षक मनू त्रिपाठी की भूमिका रही है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई है।

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में टॉप टेन में जिला

उत्कृष्ट कार्य पर अधिकारी-कर्मचारियों की सराहना

नवभारत, कटनी। आमजन की शिकायतों के तत्काल और संतोषजनक निराकरण के क्षेत्र में जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। सीएम हेल्पलाइन के प्रदर्शन के आधार पर जारी प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग में कटनी जिला प्रथम समूह के 28 जिलों में टॉप-10 में शामिल होकर आठवां स्थान अर्जित किया है। कलेक्टर आशीष तिवारी के लगातार मॉनीटरिंग का ही नतीजा है कि जिले ने 81.66 वेटेज स्कोर हासिल करते हुए 'ए' ग्रेड प्राप्त किया है। यह उपलब्धि प्रशासनिक दक्षता और शिकायतों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण का परिणाम मानी जा रही है। कटनी जिले ने बीते फरवरी माह में प्राप्त 7,213 शिकायतों के निराकरण में बेहतर प्रदर्शन किया। कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिकायतों के निपटारे में अधिक संवेदनशीलता और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण अपनाया जाए, ताकि जिले की रैंकिंग में और सुधार हो सके। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि शिकायतों का तत्काल और संतोषजनक समाधान ही प्रशासन के प्रति आमजन का विश्वास मजबूत करता है, इसलिए इस दिशा में लगातार गंभीर प्रयास जरूरी हैं।

जिले के इन विभागों को मिला ए ग्रेड

जिले के विभिन्न विभागों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ए ग्रेड हासिल किया है। पुलिस विभाग को अपने समूह में 12वां स्थान, 812 शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के साथ 50.69 वेटेज स्कोर और 82.83 कुल वेटेज स्कोर के साथ 'ए' ग्रेड और जिला पंचायत को 9वां स्थान, 50.35 वेटेज संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का और कुल वेटेज 86.02स्कोर के साथ 'ए' ग्रेड और नगर निगम ने 7वां स्थान प्राप्त करते हुए 589 शिकायतों का 52.67 वेटेज स्कोर के साथ संतोषजनक निराकरण किया और 91.11वेटेज स्कोर के साथ 'ए' ग्रेड हासिल किया है।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने इन सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन जारी रखने की अपेक्षा की है। नगर निगम की उपलब्धि पर आयुक्त तपस्या परिहार ने संतोष व्यक्त करते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को भविष्य में और अधिक गंभीरता, प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के लिए कहा है।

नदी, तालाबों के संरक्षण और संवर्धन से भविष्य में कम होगा जल संकट

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

नवभारत, कटनी। बहोरीबंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बडखेरा भरदा में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था ग्राम विकास राय बहादुर समिति द्वारा 19 मार्च से 30 जून तक संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश शासन के इस अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसमें तालाब, नदी, बावड़ी और अन्य जल स्रोतों का गहरीकरण, साफ-सफाई, साथ ही ग्रामीणों के सहयोग से सामूहिक श्रमदान किया जाना है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से वर्षा जल को संरक्षित कर धरातल के जल स्तर को बढ़ाया जा सकेगा, जो भविष्य में जल संकट को कम करने में सहायक होगा। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर ग्राम की सरपंच रीतू विकास पांडेय, नवांकुर संस्था के सेक्टर प्रभारी भूपेंद्र दाहिया, सुरेंद्र चक्रवर्ती, परामर्शदाता रामसिंह पटेल, विनोद सिंह, आशीष तिवारी, सरजू श्रीवास, जया यादव, पंकज चौबे, अखिलेश यादव, रोहित यादव, सुभाष वर्मन, ओमप्रकाश गर्ग, मुकेश जायसवाल सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कर जमा नहीं करने पर काटा नल कनेक्शन, कुर्की भी होगी

कर वसूली के लिए नगर निगम ने शुरू की सख्त कार्रवाई

नवभारत, कटनी। नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के शेष बचे 10 दिवसों को लेकर बकाया जलकर और संपत्ति कर की वसूली के लिए सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि राजस्व बढ़ाने और नागरिक सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा बकायेदारों से वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत निगम की राजस्व टीम द्वारा ऐसे करदाताओं की सूची तैयार की गई है, जिन्होंने बार-बार सूचना और नोटिस जारी होने के बावजूद बकाया राशि जमा नहीं की है। उनके खिलाफ नगर निगम की जलप्रदाय शाखा की टीम द्वारा एक बकायादार उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन विच्छेदित करने की कार्रवाई की गई। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बकाया कर जमा नहीं करने वाले अन्य उपभोक्ताओं के विरुद्ध भी चरणबद्ध तरीके से सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें नल कनेक्शन विच्छेदन, कुर्की जैसी वैधानिक कार्रवाई शामिल है। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार द्वारा वसूली दल के संबंधित अधिकारियों को वसूली अभियान में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक ने बताया कि शेष बचे दिवसों में नागरिकों को बकाया करों निगम कोष में जमा करने की सुविधा के लिए 22 मार्च रविवार को शासकीय अवकाश होने के बाद भी दो स्थलों सुभाष चौक और माई नदी के पास बीकानेर के सामने सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा, इसके अलावा निगम कार्यालय के कैश काउंटर भी खुले रहेंगे। आपने नागरिकों से इस अवसर का लाभ प्राप्त करने तथा किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए जल्द अपने बकाया जलकर और संपत्ति कर का भुगतान कर नगर निगम का सहयोग करें। आपको बतादें कि नगर निगम आयुक्त ने राजस्व विभाग की टीम को लक्ष्य के अनुसार कर वसूली करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद से ही राजस्व विभाग की टीम लगातार बकाया करदाताओं से संपर्क कर जलकर और संपत्ति कर जमा कराने का प्रयास कर रही है। कर वसूली के कार्य में लापरवाही बरतने पर नगर निगम आयुक्त द्वारा कार्रवाई भी की गई है। नोटिस जारी करने के साथ निलंबन भी किया गया है। कर वूसली के कार्य में लापरवाही करने पर कार्रवाई की जा रही है।

छात्रों में वैचारिक क्षमता बढ़ाएं, अंग्रेजी भाषा में

डाइट की टीम द्वारा किया गया स्कूलों का निरीक्षण

नवभारत, कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर की टीम द्वारा द्वारा प्राथमिक शाला मझगवां, माध्यमिक शाला परसवारा और माध्यमिक शाला सिमरिया सानी का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने देखा कि मझगवां में कक्षा 2 के बच्चे हिंदी पढ़ रहे हैं, जोड़ कर रहे हैं लेकिन अंग्रेजी में सुधार की आवश्यकता है। साथ ही व्यवस्थित पुस्तकालय की आवश्यकता पाई गई। जिस पर संबंधित शाला प्रभारी प्रशिक्षण प्राप्त करने और अकादमिक सुधार कार्य प्रारंभ करने, छात्रों की अभ्यास पुस्तिकाओं की जांच नियमित रूप से करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार परसवारा में कक्षा 6 और 7 की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की जांच की गई। छात्र-छात्राओं से दोबारा प्रश्न हल करवाकर देखे गए। जिन प्रश्नों को अधिकांश छात्रों ने हल नहीं किया है, उन्हें दोबारा अभ्यास कराने के निर्देश शिक्षकों को दिए गए। सिमरिया सानी में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों से संयुक्त रूप से संवाद किया गया। नए शिक्षा सत्र की तैयारी, सोचने की गति बढ़ाने के लिए विषयवार गतिविधियों पर चर्चा और अंग्रेजी भाषा में संवाद करने के लिए तकनीकी के उपयोग पर चर्चा की गई। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा निर्मित खिलौनों और विज्ञान के मॉडल को भी देखा गया है। सिमरिया शाला प्रभारी इंद्रभान निगम द्वारा प्रतिदिन एक शिक्षक को शाला प्रमुख का दायित्व देने वाले नवाचार की सराहना की गई। इस नवाचार से प्रत्येक शिक्षक स्कूल के प्रति अधिक सजगता और जिम्मेदारी से कार्य कर रहे हैं। सभी स्कूलों को 30 मार्च तक टाइम टेबल तैयार कर नए शिक्षा सत्र में उसके अनुसार स्कूल संचालन करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण टीम में राजेन्द्र असाटी, जन शिक्षक उदयभान विश्वकर्मा सम्मिलित रहे।

हाजी अब्दुल कादिर ने दी समस्त जिलेवासियों को ईद की मुबारकबाद

कटनी। ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर हाजी अब्दुल कादिर (मुन्ना भाई), जिला अध्यक्ष जिला वक्फ बोर्ड कमेटी कटनी (म.प्र.) ने समस्त जिलेवासियों को ईद की मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का संदेश देता है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जिस प्रकार भगवान श्रीराम ने रावण जैसे अहंकार और बुराइयों का अंत कर रामराज्य की स्थापना की, उसी प्रकार सभी धर्मों के त्योहार समाज के भीतर मौजूद बुराइयों को समाप्त कर अच्छाई और एकता का मार्ग दिखाते हैं। भारत जैसे विविधता वाले देश में सभी धर्म और समुदायों के त्योहार लोगों को जोड़ने और आपसी मतभेदों को दूर करने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमें त्योहारों के वास्तविक संदेश को समझते हुए आपसी प्रेम, सौहार्द और सहयोग की भावना को मजबूत करना चाहिए, जिससे समाज में शांति और समरसता बनी रहे।

कार्रवाई

सड़क पर स्थाई अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, बेहतर की जा रही व्यवस्था

सड़क पर अस्थाई अतिक्रमण करने पर काटे गए चालान, वसूला 24 हजार का जुर्माना

नवभारत, कटनी। शहर के प्रमुख मार्गों को जाम और अतिक्रमण से मुक्त कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन और नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा संयुक्त अभियान का अब असर दिखने लगा है। लगातार कार्रवाई के कारण शहर की सड़कों पर यातायात सुगम हुआ है और आमजन को राहत मिल रही है। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में संयुक्त टीम द्वारा जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई की जा रही है। अतिक्रमण हटाने के साथ ही व्यवस्था को मजबूत करने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अभियान के तहत मिशन चौक से मुख्य स्टेशन मार्ग होते हुए दिलबहार चौक तक के क्षेत्र में विशेष फोकस किया गया है। यहां बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए टीम द्वारा सड़क किनारे अनधिकृत रूप से बैठे फुटकर सब्जी विक्रेताओं और दुकानों के बाहर सीमा से अधिक सामान रखने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। सामग्री जब्त करने के साथ ही स्पॉट फाइन भी लगाया जा रहा है। संयुक्त टीम द्वारा नो पार्किंग जोन में खड़े दोपहिया और चार पहिया वाहनों को हटाकर उन्हें निर्धारित पार्किंग स्थल तक पहुंचाया जा रहा है। साथ ही अव्यवस्थित खड़े वाहनों को व्यवस्थित कर यातायात बाधा को दूर किया जा रहा है। शहर के अन्य प्रमुख मार्गों मिशन चौक से बस स्टैंड, गर्ग चौराहा, सिल्वर टॉकीज रोड, झंडा बाजार, कपड़ा बाजार, आजाद चौक जुलूस मार्ग, माधव नगर पर भी मुनादी के माध्यम से अतिक्रमण हटाने के लिए कहा जा रहा है। इसके साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई भी जारी है। नगर निगम के अतिक्रमण अधिकारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि एक सप्ताह में 92 लोगों पर 26 हजार 400 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही सभी को दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई है। फुटकर सब्जी और फल विक्रेताओं के लिए जिला अस्पताल के सामने स्थित हॉकर्स जोन में साफ-सफाई, प्रकाश और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाया गया है, ताकि उन्हें व्यवस्थित स्थान पर व्यवसाय करने की सुविधा मिल सके। अतिक्रमण अधिकारी ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ बिना अनुमति निर्माण, अनधिकृत निर्माण, अवैध कॉलोनियों के खिलाफ भी सख्ती से कार्रवाई लगातार की जा रही है। नगर निगम ने शहरवासियों से सार्वजनिक मार्गों में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं कर नगर की सुचारू यातायात व्यवस्था में सहयोग देने के लिए कहा है।